प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक सं० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1378 दिनांकः 21 नवम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क, ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–5897 / 32–जी0एस0 / 2024 दिनांक 18 नवम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षायें गत् वर्ष / सेमेस्टर की भाँति ऑफ–लाइन मोड माह दिसम्बर, 2024 से नियामानुसार आयोजित कराया जाना है।

उपरोक्त के क्रम में माननीय राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये निर्देशों के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2024–25 के विषम सेमेस्टर के निम्नोक्त तालिका में अंकित पाठ्यक्रमों, सेमेस्टरों एवं तिथि के अनुसार परीक्षा फार्म भरने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु विश्वविद्यालय का ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर	परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि / कार्यक्रम
1	B.Tech	7th तथा (5th का परीक्षा फार्म भरे जाने की सूचना अलग से दी जायेगी।	**दिनांक 21 नवम्बर, 2024 से 05 दिसम्बर, 2024 तक (प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु)**
2	B.Pharm	5th, 6th 7th & 8th	
3	B.Arch, MBA (INT), MCA-DD, MCA (INT.), M.Tech (INT) & MAM	3rd, 5th ,7th & 9th	
4	BHMCT, BFA & BFAD,	3rd, 5th ,7th	
5	B.VOC.	3rd & 5th	
6	MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	3rd	

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 1334 दिनांक 28 अक्टुबर, 2024 के क्रम में बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत रेगुलर छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क समर्थ पोर्टल के माध्यम से यथावत भरे जायेगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त के तद्नुसार अवगत होते हुए अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

21/11/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

P.T.O

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक